केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 243 बुधवार 2 अप्रैल 2025 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### खतौनी काउन्टरों की संख्या बढाने की मांग

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण कुमार उपाध्याय ने जिलाधिकारी से बस्ती सदर तहसील परिसर में खतौनी प्राप्त करने के लिये काउन्टरों की संख्या बढाये जाने की मांग किया है।

प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से अधिवक्ता कृष्ण कुमार उपाध्याय ने बताया कि खतौनी प्राप्त करने के लिये प्राप्त एक मात्र काउन्टर होने के कारण दूर दराज से आने वाले लोगों को लम्बी प्रतीक्षा करनी पड़ती है। बताया कि पूर्व में खतौनी के लिये तीन काउन्टर संचालित किये जा रहे थे जो घट कर अब एक हो गया है। इससे लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मांग किया कि जन सुविधा को देखते हुये खतौनी प्राप्त करने के लिये काउन्टरों की संख्या बढायी जाय।

### उद्योग व्यापार बंधु की बैठक में उठे मुद्दे



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु व व्यापार बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुआ, जिसमें उन्होने उद्यमियों की समस्याओं को गहनता से सुना और उसका निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सरकार द्वारा संचालित लाभपरक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को अवश्य मिलें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय।

बैठक में व्यापार बन्धु समिति के सदस्यों ने पाईप लाईन, बड़ेवन सर्विस रोड पर अधूरा नाला, सड़को के डिवाइडरों पर रिफ्लेक्टर ना लगा होना, गॉधीनगर में पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होना, दक्षिण दरवाजा से मंगल बाजार तक जर्जर सड़क सहित अन्य समस्याओं के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया। उन्होने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

बैठक का संचालन उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर उपेन्द्र यादव ने किया। इसमें एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप, एलडीएम आर.एन. मौर्या, जिला सेवा योजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा, ईओ नगरपालिका सुनिष्ठा सिंह, अधिशासी अभियन्ता विद्युत मनोज कुमार,,अशोक सिंह, अनिल सिंह एस.सी. शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी व समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### अवैध ई-रिक्शा, आटो के विरूद्ध चला अभियान

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) पंकज कुमार ने बताया कि अपंजीकृत एवं अवैध ई–रिक्शा वाहनों के विरूद्ध विशेष चेकिंग अभियान दिनांक 01 से 30 अप्रैल 2025 तक परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग के सयुक्त अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये है। अभियान के दृष्टिगत मंगलवार को परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग के सहयोग से शहरी क्षेत्रों में संचालित लगभग 150 ई–रिक्शा एवं आटो रिक्शा चेक किये गये जिसमें 25 ई–रिक्शा एवं आटो रिक्शा वाहनों को पुलिस लाइन, बस्ती परिसर में बिना वैध प्रपत्रों एवं बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के संचालन में निरूद्ध किया गया।

# वक्फ बिल पर वोटिंग के लिए भाजपा ने जारी किया व्हिप

**नई दिल्ली (आभा)।** लोकसभा में बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक पर वोटिंग होनी है। इसके लिए भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने कमर कस ली है। यहां तक कि भाजपा ने मंगलवार को ही व्हिप जारी कर दी है और अपने सभी सांसदों से लोकसभा में मौजूद रहने को कहा है। पार्टी की ओर से जारी व्हिप में कहा गया कि बुधवार को सदन में अति महत्वपूर्ण विधायी कार्य है। उन्हें पारित करने के लिए सभी लोग पार्टी का समर्थन करें और वोटिंग करें। व्हिप में सभी सांसदों से




पूरे दिन सदन में ही मौजूद रहने को कहा गया है। भाजपा के पास लोकसभा में 240 सांसद ही हैं।सरकार जेडीयू और टीडीपी पर निर्भर है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि इस विधेयक को लेकर किस दल का क्या रुख रहेगा। अब तक चिराग पासवान की पार्टी लोजपा–आर ने खुलकर समर्थन नहीं किया है, लेकिन विपक्ष को मुसलमानों को डराने से बचने की नसीहत दी है।

## सफाई कर्मियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । मंगलवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ पदाधिकारियों और सफाईकर्मियों ने जिलाध्यक्ष अजय कुमार आर्य के नेतृत्व में अटेवा, एन.एम.ओ.पी.एस. मंच प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। एन.पी.एस., यूपीएस का विरोध करते हुये मांग किया कि केन्द्र और राज्य सरकार पुरानी पेंशन नीति ओ.पी.एस. को तत्काल प्रभाव से बहाल करे।

ज्ञापन देने के बाद जिलाधिकारी कार्यालय पर अपने सम्बोधन में उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अजय आर्य ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर निरन्तर चरणबद्ध ढंग से संघर्ष किया जा रहा है किन्तु केन्द्र और उत्तर प्रदेश की सरकार चुप्पी साधे हुये हैं। जब तक पुरानी पेंशन बहाली की मांग पूरा नहीं हो जाता चरणबद्ध ढंग से संघर्ष जारी रहेगा। कहा कि लगातार आन्दोलनों काही प्रभाव है कि सरकार ने एन.पी.एस. और यूपीएस लागू किया। हमारी एकजुटता बनी रही तो सरकार को पुरानी पेंशन नीति बहाल करना ही होगा। कहा कि सरकार अपने हठवादिता पर अड़ी हुई है किन्तु कर्मचारियों, और विभिन्न संवर्गो के कर्मचारियों की एकजुटता के आगे सरकार को झुकना ही होगा।

पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से मनोज चौहान, पेशकार, राम कृपाल चौधरी, अमित चक्रवर्ती, अशोक कुमार दूबे, संजय यादव, रामपाल भारती, राम सुरेश, जगदीश सैनी, शितांश श्रीवास्तव, चन्द्र मोहन मिश्र, अमजद खान, जसवन्त कुमार, राजू चक्रवर्ती, राज बहादुर, हृदयलाल, राजेश उपाध्याय के साथ ही बड़ी संख्या में सफाईकर्मी शामिल रहे।

## नाम बदलने की राजनीति खतरनाकः मायावती के संदेश से सबक ले राजनीतिक दल



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । बहुजन समाज पार्टी जिलाध्यक्ष अनिल गौतम ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जनहित के सवालों को लेकर बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती लगातार संघर्ष कर रही है। उनके एक्स हैन्डल का हवाला देते हुये अनिल गौतम ने बताया कि बहन मायावती ने स्पष्ट कर दिया है कि यूपी की रही सपा सरकार की तरह ही महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड व यूपी आदि भाजपा सरकार द्वारा जिला, शहरों व संस्थानों आदि के नामों को बदलने की प्रवृति कानून के राज का गवरनेन्स नहीं बल्कि द्वेष व भेदभाव के आधार पर अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने की अति चिन्तनीय संकीर्ण राजनीति की जा रही है। बहन जी ने कहा है कि सन 1995 के अविभाजित उत्तर प्रदेश से लेकर सन 2012 तक बीएसपी की चार बार रही सरकारों में गुड गवरनेन्स को ध्यान में रखकर अनेकों नई कल्याणकारी योजनाएं व जिले, तहसील, अस्पताल, यूनिवर्सिटी आदि नए नामों से बनाए गए, किसी का नाम नहीं बदला गया। सरकारों को इससे जरूर सीख लेनी चाहिए।

बसपा जिलाध्यक्ष अनिल गौतम ने कहा कि अच्छा हो कि संकीर्ण सोच रखने वाले बहन जी के संदेश से सबक ले और नाम बदलने की जगह काम पर ध्यान दे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द का हुआ भव्य स्वागत




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र का पार्टी के वरिष्ठ नेता विपिन कुमार शुक्ल के संयोजन में जिगिना चौराहे पर फूल मालाओ के साथ भव्य स्वागत किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती का संकल्प दिलाते हुए कहा कि भाजपा की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है, और हम सभी मिलकर पार्टी को और अधिक मजबूत बनाएंगे।

भाजपा नेता विपिन शुक्ल, आयुष शुक्ल ने कहा कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी अपने नीति, कार्यक्रम के आधार पर निर्णायक जीत हासिल करेगी।

स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से लल्लू पाण्डेय, विनोद शुक्ल, महेश यादव, अनिरूद्ध श्रीवास्तव, राजेन्द्र विश्वकर्मा, शिशिर श्रीवास्तव, सुखसागर उपाध्याय, अमन चौधरी, हर्ष पाण्डेय के साथ ही भाजपा के अनेक नेता, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## हीट बेव से निपटने की विशेष तैयारी

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । गर्मी के बढ़ते, तापमान के चलते हीट वेव का खतरा तथा भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की चेतावनी के अनुसार इस वर्ष की गर्मी और भी अधिक तीव्र होने वाली है। उक्त जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) प्रतिपाल सिंह चौहान ने बताया कि जिले के प्रशासन ने हीट वेव से निपटने के लिए विशेष तैयारी शुरू कर दी है और आम जनता को जागरूक करने के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होने बताया कि इस एडवाइजरी के तहत जिलाभर में हीट वेव के खतरों के प्रति जन जागरूकता फैलाने और आवश्यक सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी देने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं।

## संगठन की मजबूती पहला लक्ष्य- विवेकानन्द



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र का बहादुरपुर विकास खण्ड क्षेत्र में बेईली के निकट स्थित एक मैरेज हाल में क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रतिनिधि शैलेन्द्र कुमार दूबे के संयोजन में फूल मालाओं के साथ स्वागत किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के मान सम्मान की रक्षा, संगठन का विस्तार कौर जनहित के कार्यक्रमों का जमीनी धरातल पर व्यवहारिक क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता है। उन्होने पार्टी कार्यकर्ताओं का आवाहन किया कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में पात्रों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में रचनात्मक सहयोग करें। हर चेहरे पर मुस्कान भाजपा की प्राथमिकता है। प्रमुख प्रतिनिधि शैलेन्द्र कुमार दूबे ने कहा कि भाजपा के नीति, कार्यक्रम और योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित किये जाने की दिशा में निरन्तर कार्य किये जा रहे हैं। इस आधार पर आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र के कुशल नेतृत्व में जीत का रेकार्ड बनायेगी।

स्वागत करने वालों में पूर्व विधायक रवि सोनकर, बहादुरपुर ब्लाक प्रमुख राम कुमार, कृष्ण कुमार दूबे, अनिल चौधरी, कृष्ण मुरारी उपाध्यय, राजकुमार शुक्ल, प्रवेश चौधरी, सुनील, रणजीत सिंह, विजय यादव, अमन उपाध्याय, शिवम, रामाशीष, अभिषेक सिंह, कन्हैया दूबे, राम गोपाल, गोरखनाथ गोस्वामी, गौरव बरनवाल, दीपक चौधरी, जितेन्द्र दूबे, त्रयम्बक तिवारी, देवशरण यादव, शिवशंकर गुप्ता, सचिन कन्नौजिया, रवि, महेन्द्र, अंश के साथ ही भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण के लिये निकली जागरूकता रैली

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह परिसर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान माह का फीता काटकर शुभारम्भ करते हुए जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली संचारी रोगों से बचाव/रोकथाम के लिए आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गयी। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक तथा दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को बुखार के समुचित



इलाज की शपथ भी दिलाया। उन्होने कहा कि दिमागी बुखार जानलेवा हो सकता है या रोग के बाद शारीरिक और मानंसिक विकलांगता भी ला सकता है। इसलिए बुखार होने पर तत्काल नजदीक के सरकारी अस्पताल में ले जाये। जनपद के प्रत्येक सीएचसी/पीएचसी पर बुखार के समुचित इलाज की व्यवस्था है। इस अवसर पर सभी ने अपने गॉव, ब्लाक, जनपद और प्रदेश को दिमागी बुखारमुक्त करने के लिए संकल्प लिया।

उन्होने इसकी प्रतिबद्धता दोहराई कि शौचालय का प्रयोग करेंगे और अन्य लोगों को भी प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे। व्यक्तिगत साफ–सफाई का ध्यान रखेंगे, अपने घर के आस–पास साफ–सफाई रखेंगे। यदि कोई बच्चा बुखार से पीड़ित होगा तो उसके परिवार को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल जाने हेतु प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर सीएमओ डा. राजीव निगम, विधायक प्रतिनिधि हर्रैया सरोज बाबा, सदर के मो. सलीम, नगरपालिका अध्यक्षा प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, रोटरी क्लब के अध्यक्ष एल.के. पाण्डेय तथा विभागीय चिकित्साधिकारीगण उपस्थित रहें।

# आरोपी सिपाहियों से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं- अजय सिंह

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। दुबौलिया थाना क्षेत्र के उभाई में हुए आदर्श उपाध्याय मौत प्रकरण में सिपाहियों के पक्ष लेने के आरोप को हर्रैया विधायक अजय सिंह ने एक सिरे से खारिज किया है। इस दौरान हर्रैया विधायक अजय सिंह भावुक हो गए। आदर्श उपाध्याय के घर पहुंचे विधायक ने कहा कि सिपाही के स्थानांतरण के लिए उन्होंने घटना के चार दिन पहले ही पुलिस अधीक्षक से सिफारिश कर दिया था। कारण वह एक अन्य मामले में गड़बड़ी कर रहा था। दूसरा सिपाही जिसे मेरी बिरादरी का बताया जा



रहा है वो दूसरी बिरादरी का है। उसका क्षत्रिय बिरादरी से कोई संबंध नहीं है। विपक्षी इस बात का गलत तरीके से प्रचार कर रहे हैं। एक ब्राह्मण की मौत पर राजनीति कर रहे हैं। इस राजनीति से मेरा कोई संबंध नहीं है। इस मामले में कड़ी कार्रवाई के लिए मैं पूरे दिन पुलिस और प्रशासन के खिलाफ लगा रहा तथा प्रशासन से सहायता दिलाने के लिए मेरे पहल पर 10 लख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। बाहर होने के कारण मैं गोसेवा आयोग उपाध्यक्ष महेश शुक्ला को मौके पर स्वीकृति पत्र देने के लिए अनुरोध किया था।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान विधायक अजय सिंह काफी भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि मैं नौ दिन नवरात्रि का व्रत हूं। मैं भी सूर्यवंशी क्षत्रिय हूं, मैं भी श्राप दे सकता हूं। ऐसे तत्व जो मेरे बारे में सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार कर रहे हैं, उनका विनाश हो जाएगा।

## कर्मचारी संगठनों ने फूंका यूपीएस का पुतलाः पुरानी पेंशन बहाली की मांग

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। मंगलवार को पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिषेक के नेतृत्व में कर्मचारियों ने कृषि भवन के निकट यूपीएस की प्रतियां जलाते हुये विरोध प्रदर्शन किया। मांग किया कि केन्द्र और राज्य की सरकार पुरानी पेंशन नीति को बहाल करे, यूपीएस की नीतियां कर्मचारी विरोधी है और इस नियम से सेवा निवृत्ति के बाद उनका जीवन पूरी तरह से असुरक्षित है। यूपीएस को काला कानून बताते हुये कर्मचारी नेताओं ने मांग किया कि पुरानी पेंशन नीति को तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाय।

यूपीएस की प्रतियां




जलाकर विरोध करने वालों में मुख्य रूप से यूपी एग्रीकल्चरल डिपार्टमेन्ट मिनीस्ट्रीय सर्विसेज एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, उत्तर प्रदेश सरकार स्टेनोग्राफर महासंघ के सचिव डीएन वर्मा, अधीनस्थ कृषि सेवा संघ के मण्डल अध्यक्ष अम्बिकेश प्रताप सिंह के साथ ही सूरज वर्मा, पवन मिश्रा, दिलीप, विजय, दीनानाथ, अमित चौधरी, दुर्गेश, राजेन्द्र चौधरी, जितेन्द्र मिश्र, वीरेन्द्र दूबे, धीरज मौर्य, क्षितिज वर्मा, सन्तोष कुमार, वृजेश निषाद, सुरेन्द्र चौधरी, संदीप अमेटा, अमित, हरिओम पटेल, सुमित कुमार, हरिलाल जैसवार, रामकृष्ण शुक्ल, मुकेश कुमार के साथ ही विभिन्न कर्मचारी संगठनों के लोग शामिल रहे।

## भाजपा की सरकार में जंगल राजः आदर्श के हत्यारों पर दर्ज हो मुकदमा–कुशल तिवारी

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती ।समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद कुशल तिवारी ने दुबौलिया थाना क्षेत्र के उभाई गांव पहुंचकर नाबालिग आदर्श उपाध्याय के पिता ओम प्रकाश उपाध्याय से मिलकर मामले में न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। घटना की कड़े शव्दों में निन्दा करते हुये उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी, अधिवक्ता आदि से वार्ता कर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिया।

पीड़ित परिवार से मिलने के बाद समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद कुशल तिवारी ने कहा कि भाजपा की सरकार में जंगलराज कायम हो गया है। गरीबों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। उन्होने परिवार और स्थानीय नागरिकों को आश्वासन दिया कि प्रशासन को आदर्श उपाध्याय के हत्या मामले में



दोषी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करना ही होगा। उन्होने इस बात पर हैरानी व्यक्त किया कि प्रशासन और सरकार के लोग मामले की लीपापोती करने में लगे हैं। मृतक नाबालिग आदर्श उपाध्याय के विरूद्ध पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया जाना हैरान करने वाला है। कहा कि दोषी किसी कीमत पर बचने नहीं पायेंगे। इसके लिये वे हर स्थिति में पीड़ित परिवार के साथ है।

पूर्व सांसद कुशल तिवारी के साथ पीड़ित परिवार को ढाढस बधाने वालों में मुन्ना मिश्र, प्रशान्त पाण्डेय, अतुल पाण्डेय, नीरज चौधरी, शेषनाथ तिवारी, राहुल चौधरी, गुड्डू पाण्डेय, सुनील मिश्र, रोहित पाण्डेय, के.डी. पाण्डेय के साथ ही सपा के अनेक नेता, स्थानीय ग्रामीण शामिल रहे।

## शिक्षा के बाजारीकरण के विरोध में जारी रहेगा अभियान– दीन दयाल त्रिपाठी

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

**बस्ती ।** पूर्व आईएएस मेधा संस्थापक स्व0 लक्ष्मीकान्त शुक्ल को उनके 72 वें जन्म दिन पर याद किया गया। प्रेस क्लब सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मेधा प्रवक्ता दीन दयाल त्रिपाठी ने कहा कि छात्रों को आर्थिक आधार पर शुल्क प्रतिपूर्ति और छात्रवृत्ति की सुविधा, जाति मुक्त संविधान की परिकल्पना देने वाले लक्ष्मीकान्त को सेवा काल में ही जाति राज पुस्तक लिखने के कारण बसपा की सरकार में उत्पीड़न का शिकार होना पड़ा। उनकी किताब जातिराज को तत्कालीन सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया इसके बावजूद वे डिगे नहीं और शिक्षा, के सवाल पर सड़क से सर्वोच्च न्यायालय तक आखिरी सांस तक लड़ते रहे। उनकी प्रेरणा से मेधा लगातार शुल्क प्रतिपूर्ति और छात्रवृत्ति की सुविधा के सवाल पर संघर्षरत है और इसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं।

दीन दयाल तिवारी ने कहा कि यदि लक्ष्मीकान्त शुक्ल के संकल्पों, सिद्धान्तों का दृढता से पालन हो तो अनेक समस्याओं का समाधान हो जायेगा। कहा कि मेधा उनके सपनों को पूरा करने की दिशा में निरन्तर प्रयत्नशील है। कहा कि




शिक्षा के बाजारीकरण, कमीशनखोरी से अभिभावक त्रस्त है, प्रति वर्ष कमाई के नजरिये से किताबें बदली जा रही है, प्रतिवर्ष रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर अभिभावकों को आर्थिक रूप से कंगाल किया जा रहा है। मेधा इन सवालों को लेकर निरन्तर संघर्षरत है।

कार्यक्रम में शीला पाठक, उमेश पाण्डेय 'मुन्ना', प्रदीप चन्द्र पाण्डेय, प्रवीण श्रीवास्तव, वीरेन्द्र शुक्ल, गणेश दूबे, वृजेश दूबे, प्रेमचन्द्र पाण्डेय, संजय प्रधान, प्रमोद यादव, राहुल तिवारी, अंशू चौरसिया, अंकेश पाण्डेय, रूद्र आदर्श, जय प्रकाश गोस्वामी आदि ने मेधा द्वारा शिक्षा क्षेत्र में बदलाव के लिये किये जा रहे अभियान के पहल का स्वागत करते हुये पूर्व आईएएस मेधा संस्थापक स्व0 लक्ष्मीकान्त शुक्ल को नमन् किया।

स्व0 लक्ष्मीकान्त शुक्ल के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन् करने वालों में विजय पाण्डेय, आकाश कन्नौजिया, आशीष श्रीवास्तव, कौशल किशोर, गिरीश चन्द्र गिरी, हरि दूबे, नागेन्द्र मिश्र, प्रतीक मिश्र, अजीत कुमार पाण्डेय, राम बोध तिवारी, मयंक पाण्डेय, प्रज्जवल श्रीवास्तव, आयुष उपाध्याय, डा. वीरेन्द्र, राजेश दूबे, अंशू उपाध्याय, राजू दूबे, के साथ ही बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

“मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता”–वेंडेल फिलिप्स

दैनिक
# भारतीय बस्ती
बस्ती 2 अप्रैल 2025 बुधवार

## सम्पादकीय

## पेड़ो की कटान पर खामोशी

देश में लगातार जारी पेड़ों की अवैध कटाई के खिलाफ सख्त रवैया अख्तियार करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा है कि एक पेड़ का कटना इंसान की हत्या से भी बदतर है। कोर्ट ने आरोपी व्यक्ति को नये पौधे लगाने की अनुमति तो दी, लेकिन काटे गए 454 पेड़ों के बदले प्रति पेड़ एक लाख रुपये के हिसाब से लगाया जुर्माना कम करने से इनकार कर दिया। ऐसा कोर्ट ने अभियुक्त के गलती स्वीकारने और माफी मांगने के बावजूद किया। इसके जरिये कोर्ट ने साफ संदेश दिया कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों को कोई रियायत नहीं दी जाएगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने स्पष्ट संदेश दिया कि संबंधित प्राधिकारी की आज्ञा के बिना पेड़ काटने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि ताजमहल व अन्य पुरातात्विक इमारतों के संरक्षण के लिये बनाये गए ताज ट्रेपोजियम क्षेत्र में 454 पेड़ कटवा दिए गए थे। दरअसल, कोर्ट ने इस मामले में एमिकस क्यूरी के रूप में सहयोग कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एडीएन राव के इस सुझाव पर सहमति जतायी कि कोई कानून और पेड़ों को हल्के में न ले। वहीं जुर्माना लगाने के बाबत भी कोर्ट ने मानक तय किया कि इसमें किसी तरह रियायत नहीं दी जाएगी। कोर्ट ने इस बात को लेकर भी चिंता जतायी कि जो पेड़ काटे गए हैं, उसकी जगह नये पेड़ लगाने के बावजूद इसकी क्षतिपूर्ति में सौ साल लग जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील संरक्षित ताज ट्रेपोजियम क्षेत्र में अदालत ने पेड़ काटने पर वर्ष 2015 से ही प्रतिबंध लगा रखा था। इसके बावजूद अदालत की अनुमति के बिना सैकड़ों पेड़ काट डाले गए। जिसके बाद न्यायालय ने केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति यानी सीईसी की वह रिपोर्ट स्वीकार कर ली कि बीते वर्ष 454 पेड़ काटने वाले व्यक्ति पर प्रति पेड़ के हिसाब से एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाए। कोर्ट ने अभियुक्त की तरफ से पेश वकील वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की वह दलील ठुकरा दी कि अभियुक्त ने गलती मानते हुए माफी मांग ली है, तो उसे जुर्माना कम करके राहत दी जाए। हालांकि कोर्ट ने पास के किसी स्थान पर पौधरोपण करने की अनुमति जरूर प्रदान कर दी है। ऐसे वक्त में जब पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग के चलते तापमान में निरंतर वृद्धि जारी है, वृक्षों का होना प्राणवायु का जरिया ही है। जो हमें शहरों के कंक्रीट के जंगल से उत्पन्न खतरों से बचाते हैं। खासकर पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण इलाकों में उनकी दोहरी भूमिका है।

पेड़ों के लगातार कटान होने की वजह से दिन प्रतिदिन वन क्षेत्र घटता जा रहा है। आवासीय जरूरतों, उद्योगों के लिए सालों से पेड़ों को काटा जा रहा है। वृक्षों के संरक्षण के लिए बने नियम और कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इससे न सिर्फ प्राकृतिक संरचना बिगड़ रही है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी नुकसानदायक साबित हो रहा है। ऑक्सीजन को बचाने के लिए वृक्षों को बचाना होगा। इंसान जो सांस छोड़ता है, वह कार्बनडाई ऑक्साइड होती है। वृक्ष वायुमंडल में फैली इसी कार्बनडाई ऑक्साइड को ग्रहण करते हैं और उसके बदले ऑक्सीजन छोड़ते हैं लेकिन वर्तमान में जिस तेजी से वृक्षों का दोहन किया जा रहा है यह मानव जीवन के लिए संकट के कारण उत्पन्न कर रहा है। वातावरण पर इसका विपरीत असर दिखने लगा है। कभी बाढ़, बेमौसम बरसात, भूकंप, मृदा कटान आदि ऐसी तमाम आपदाएं हैं, जो लगातार लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही है। यही नहीं सेहत के लिहाज से तो यह और भी घातक सिद्ध हो रहा है। दिल के मरीजों की तादात भी तेजी से बढ़ रही है।

ऐसे में नीति–नियंताओं को सोचना होगा कि कैसे किसी व्यक्ति को संवेदनशील इलाके में पेड़ काटने की अनुमति दी गई। निरंतर बढ़ते तापमान के दौर में वृक्षों के प्रति संवेदनशीलता शासन–प्रशासन के साथ समाज में भी होनी चाहिए। उत्तराखंड में चिपको आंदोलन और राजस्थान में खेजड़ी वृक्षों को बचाने के लिये लोगों के त्याग व संघर्ष को हमें याद रखना चाहिए। जनता का कड़ा प्रतिरोध भी वृक्षों की रक्षा करने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

# भारत– नेपाल सीमा के मदरसे और घुसपैठ



–संजय सक्सेना–




पड़ोसी राज्य नेपाल, भारत और चीन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी माना जाता है।वैसे तो नेपाल के भारत से हमेशा प्रगाण संबंध रहे हैं,लेकिन पिछले कुछ वर्षो में चीन की भी दखलंदाजी वहां बढ़ी है। चीन के कई प्रोजेक्ट नेपाल में चल रहे हैं। भौगालिक रूप से देखा जाये तो चीन और नेपाल की सीमा 1439 किलोमीटर लम्बी है। वहीं भारत और नेपाल की सीमा की लम्बाई 1751 किलोमीटर है। यह सीमाएं उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, सिक्किम से जुड़ी हुई हैं। सबसे लम्बी सीमा 726 किलोमीटर बिहार से उसके बाद उत्तर प्रदेश से 551 और उत्तराखंड से 275 किलोमीट और पश्चिमी बंगाल से 100 एवं सिक्किम से 99 किलोमीटर तक जुड़ी हैं। कभी यह सीमाएं लगभग पूरी तरह से खुली रहती थीं, लोग आसानी से बिना वीजा और पासपोर्ट के एक–दूसरे देशों में आ जा सकते थे। दोनों देशों के बीच व्यापार करने पर भी कोई प्रतिबंद्ध नहीं था,लेकिन अब हालात काफी बदल गये हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि अब इन सीमाओं को लांघकर अराजक तत्व और आतंकवादी ताकतें भी भारत में प्रवेश करने लगी हैं। सीमा खुली होने का फायदा उठाकर पाकिस्तानी, बांग्लादेशियों सहित कई देशों के घुसपैठियें और आतंकवादी भारत में आते हैं और यहां आतंक फैलाते हैं। यही वजह है नेपाल और भारत के बीच की सीमा क्षेत्र में सुरक्षा के मुद्दे को लेकर पिछले कुछ सालों में खासी चिंता देखी गई है। सबसे खास बात यह है कि इन घुसपैठियों और आतंकवादियों के लिये भारत–नेपाल के बार्डर के बार्डर पर बने मदरसे सुरक्षित ठिकाना बन कर उभर रहे हैं। कई मदरसों के तार भारत विरोधी ताकतों के साथ जुडे हुए हैं।

नेपाल की सीमा से सटे इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों का बढ़ना और आतंकवादियों का घुसपैठ करने का प्रयास स्थानीय पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा रहा है। खासकर, 28 फरवरी को काठमांडू में हुई हिंसा ने इस क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है।यह हिंसा सिर्फ नेपाल तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि भारत में भी सुरक्षा के लिहाज से इसे गंभीर माना जा रहा हैं। नेपाल सीमा के पास रहने वाले एक पूर्व शिक्षक का कहना है कि हाल के दिनों में सरहदी क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों का बढ़ना चिंताजनक है। उनका मानना है कि पाकिस्तााान और चीन द्वारा नेपाल सीमा को घुसपैठियों का लॉन्चिंग पैड बनाने की साजिश चल रही है। उनका यह भी कहना है कि कुछ मजहबी शिक्षण संस्थानों में भारत से भागने वाले कुख्यात अपराधियों से लेकर भारत में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को भी शरण मिल रही है। बीते फरवरी महीने में सीमा से बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा गया था, जिसे नेपाली मदरसे में शरण मिली थी। यह घटना यह साबित करती है कि नेपाल में कुछ जगहें आतंकवादी गतिविधियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन चुके हैं। नेपाली सुरक्षा एजेंसी की रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि बांग्लादेश के एक आतंकवादी संगठन जमात–उल–मुजाहिदीन के आतंकवादी को नेपाल के सीमा क्षेत्र में पनाह दी गई थी। इसी तरह, अलकायदा इन इंडियन सब कांटिनेंट (एक्यूआईएस) जैसे अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन भी नेपाल के बदलते हालात का फायदा उठा सकते हैं। इन संगठनों का लक्ष्य भारत में घुसपैठ कर आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देना हो सकता है। इस संदर्भ में पूर्व आईबी अधिकारी प्रवीण गर्ग का कहना है कि काठमांडू में जो हिंसा हुई, वह नेपाल में राजाबादी आंदोलन को बदनाम करने की एक साजिश हो सकती है। उनके अनुसार, बांग्लादेश को अस्थिर करने के बाद, पाकिस्तान और चीन के सुरक्षा एजेंसियां नेपाल को भी अस्थिर करने की कोशिश कर रही हैं। इन दोनों देशों की खुफिया एजेंसियों की नेपाल में सक्रियता इस संभावना को और मजबूत करती है।

खासकर इस साल की शुरूआत से इन दोनों देश की एजेंसियों की भारत से सटे नेपाली क्षेत्र में बढ़ी सक्रियता एक गंभीर चिंता का विषय है। चौकाने वाली बात यह भी है कि जो नेपाल कुछ वर्षो तक हिन्दू राष्ट्र होता था,वहां अब शरिया कानून की मांग भी उठने लगी है, जो कि पहले नेपाल के मुसलमानों के लिए एक दूर का ख्वाब था। लेकिन अब इसे संसद में कुछ मुस्लिम सांसदों द्वारा उठाया गया है, जो इसे नेपाल के लिए एक नई राजनीतिक दिशा के रूप में देख रहे हैं। वैसे मुस्लिमों की बढ़ती आबादी और शरिया कानून की वकालत के बीच हिन्दू संगठन भी एक बार फिर से नेपाल को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की वकालत करने लगे हैं। हालांकि, राजनीति के कई जानकार नेपाल में शरिया कानून की मांग को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस द्वारा प्रायोजित किया हुआ कदम बता रहे है, जो नेपाल को राजनीतिक रूप से अस्थिर करने की साजिश का हिस्सा है। नेपाली सीमा पर बढ़ रही इन आतंकी गतिविधियों की ओर इशारा करते हुए आंकड़े भी सामने आए हैं, जो यह साबित करते हैं कि भारत में आतंकवादियों के घुसपैठ के प्रयास बढ़े हैं।

बात बार्डर पर चल रहे मदरसों की आतंकवादी गतिविधियों में लिप्तता की कि जाये तो इसके कई केस मिल जाते हैं। इसी वर्ष के शुरूआती महीनों में मटर–धमऊर क्षेत्र के पिलर संख्या 501–6 के पास से एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया था, जिसे मदरसा मदीनतुल में शरण मिली थी। इसी तरह, 2024 में हिजबुल मुजाहिद्दीन के तीन आतंकवादी गिरफ्तार हुए थे, जो नेपाली सीमा के पास स्थित एक मदरसे में ठहरे हुए थे। 2020 में पापलुर फ्रंट ऑफ इंडिया के एक ट्रेनिंग कमांडर राशिद को गिरफ्तार किया गया था, जो नेपाल सीमा से सटे मदरसे में सक्रिय था। इस तरह की घटनाएं यह साबित करती हैं कि नेपाल सीमा पर आतंकवादियों की सक्रियता बढ़ रही है, और सुरक्षा एजेंसियों को इसके प्रति सजग रहने की आवश्यकता है।इसके लिये मदरसों के भी पेंच कसना जरूरी है। गौरतलब हो, सुरक्षा एजेंसियों के पास भी नेपाल सीमा से जुड़ी एक लंबी सूची है, जिसमें विभिन्न आतंकवादियों की गिरफ्तारी का जिक्र है। 2015 में पाकिस्तानी वैज्ञानिक डॉ. जावेद को सोनौली बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया था, जो नेपाल में ठहरे हुए थे। 2013 में आतंकवादी अब्दुल करीम टुंडा को नेपाल से भारत में घुसने की कोशिश के दौरान पकड़ा गया था, और इसी साल यासीन भटकल भी गिरफ्तार हुआ था। यही नहीं, 2010 में बढ़नी बॉर्डर से इंडियन मुजाहिद्दीन का आतंकवादी सलमान उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया गया था, जो एक नेपाली मदरसे में पनाह लिए हुए था। यह घटनाएं दर्शाती हैं कि नेपाल से घुसने वाले आतंकवादियों की संख्या समय के साथ बढ़ी है और सुरक्षा एजेंसियों को इस पर गंभीर ध्यान देने की आवश्यकता है।

इसी के चलते भारतीय सुरक्षा बलों ने नेपाल से सटी सीमा पर गश्त बढ़ा दी है और इन क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उच्च तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। हालांकि, नेपाल में इन आतंकवादियों की गतिविधियों को लेकर पूरी तरह से नियंत्रण पाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, क्योंकि नेपाल के अंदर भी कई मदरसे और धार्मिक संस्थान आतंकवादी गतिविधियों के लिए सुरक्षित ठिकाने बन चुके हैं। इन आतंकवादी समूहों के पास न सिर्फ भारतीय बल्कि नेपाली क्षेत्र में भी अपनी जड़ें फैलाने की क्षमता है,जो दोनों ही मुल्कों के लिये बड़े खतरे का संकेत है। समय रहते नेपाल सरकार ने सख्त कदम नहीं उठाये तो दिन पर दिन हालात और भी खराब होते जायेगे। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि नेपाल और भारत दोनों देश मिलकर सीमा पर सुरक्षा उपायों को और मजबूत करें और आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करें। अंततः, यह कहना गलत नहीं होगा कि नेपाल सीमा पर बढ़ती आतंकी गतिविधियों और घुसपैठ के प्रयासों के बीच दोनों देशों के सुरक्षा बलों के बीच समन्वय और सक्रियता बढ़ाने की आवश्यकता है। साथ ही, नेपाल को अपने आंतरिक सुरक्षा उपायों को भी मजबूत करना होगा ताकि वह आतंकवादियों की गतिविधियों को अपनी सीमा से बाहर रख सके और भारतीय क्षेत्र में उनकी घुसपैठ को रोका जा सके। यह दोनों देशों की सुरक्षा और शांति के लिए आवश्यक है।

# ट्रम्प के टैरिफ से मुकाबले की तैयारी

–ओनिंद्यो चक्रवर्ती–



आज, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बदौलत, यह शब्द पिछले चार दशकों से चली आ रही विश्व व्यवस्था में खलल डालने पर तुला है। कुछ ही दिनों में, ट्रम्प की 'जवाबी' टैरिफ नीति हर देश को प्रभावित करने वाली है। अमेरिका में आयात शुल्क दर अब ठीक उतनी होगी जो माल भेजने वाला देश अमेरिकी वस्तुओं के आयात पर लगाएगा। हम पर भी इसका असर होगा। साल 2023–24 में अमेरिका को हमारा निर्यात 78 बिलियन डॉलर रहा और इस वित्त वर्ष की पहली छमाही में यह 60 बिलियन डॉलर को पार कर गया। इनमें से सबसे बड़ा हिस्सा दवाइयों का था– हमारी दवा कंपनियां अमेरिका को महत्वपूर्ण दवाओं के सस्ते संस्करण निर्यात करती हैं और कमाई मोटी है। इनके बाद सबसे बड़ा अंश था टेलीकॉम उत्पादों का, जैसे कि भारत में पुर्जे जोड़कर बनाए आईफोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल गैजेट एवं मशीनें इत्यादि।

हालांकि, हम अमेरिकी उपभोक्ताओं को बहुत अधिक कारें नहीं बेचते हैं, लेकिन ऑटो पार्ट्स हम खूब निर्यात करते हैं। अमेरिकी बाजार हमारे सकल ऑटोमोबाइल निर्यात का 27 प्रतिशत हिस्सा है। हम अन्य देशों को भी ऑटो पार्ट्स निर्यात करते हैं, जिनका उपयोग ऑटोमोबाइल तैयार करने में किया जाता है, जिन्हें आगे अमेरिका भेजा जाता है। निर्यात का एक अन्य बड़ा हिस्सा हीरे एवं सोने के गहने हैं। वर्ष 2024 में, हमने अमेरिका को 12 बिलियन डॉलर के रत्न और आभूषण निर्यात किए। हम वहां कपड़ा और परिधान भी भेजते हैं। पिछले साल, हमने अमेरिका को 11 बिलियन डॉलर के रेडीमेड परिधान, यार्न और टेक्सटाइल बेचे। भारत से अमेरिका को कई किस्म के समुद्री खाद्य पदार्थ भी निर्यात किए जाते हैं। हम अमेरिकी उपभोक्ताओं को विभिन्न किस्मों के चावल भी बेचते हैं। वर्ष 2024 में अमेरिकी बाजार में भारत से कुल मिलाकर 6 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के कृषि उत्पाद, समुद्री भोजन, मछली और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ पहुंचे थे। वर्तमान में, अमेरिका को भारत का सकल निर्यात उसके यहां से आने वाले माल से 45 बिलियन डॉलर अधिक है।

ट्रंप का मानना है कि इस अंतर का एक बड़ा कारण है कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर बहुत अधिक टैरिफ लगाता है, जिससे भारतीय बाजार में अमेरिकी सामान अधिक महंगा हो जाता है। भारत विदेश से घरेलू अर्थव्यवस्था में आने वाली वस्तुओं पर औसतन 12 प्रतिशत टैरिफ लगाता है। यह अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ से पांच गुना अधिक है। लेकिन बात जब विशिष्ट वस्तुओं की आए तो यह अंतर और भी अधिक गहरा हो जाता है। आयातित कृषि उत्पादों पर भारत औसतन 37.8 प्रतिशत टैरिफ लगाता है जबकि अमेरिका केवल 5.4 प्रतिशत लगा रहा है। अमेरिका में बने ऑटोमोबाइल और ऑटो पार्ट्स पर हमारा टैरिफ उसके द्वारा भारतीय कलपुर्जों पर वहां लगाए जाने वाले शुल्क से 24 प्रतिशत से भी ज्यादा है। हाल ही तक, अमेरिका भारतीय ऑटो कलपुर्जों पर महज 1 प्रतिशत शुल्क लगाता रहा था।

भारत और अमेरिका के टैरिफ के बीच अब तक रहे अंतर में : कृषि उत्पादों में 32.4 प्रतिशत, ऑटो पार्ट्स में 23.1 प्रतिशत, हीरे और सोने के आभूषणों में 13.3 प्रतिशत, फार्मास्यूटिकल्स में 8.6 प्रतिशत तो इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिकल और दूरसंचार उत्पादों में 7.2 प्रतिशत शामिल है। यही चीज ट्रम्प के निशाने पर है। भारत के टैरिफ जितना शुल्क लगाने का उनका निर्णय या तो भारतीय निर्यात को अप्रतिस्पर्धी बना देगा या फिर अगर भारत चाहता है कि अमेरिकी बाजार तक अपने माल की पहुंच जारी रहे, तो उसे अपने टैरिफ अमेरिका के समान करने को मजबूर होना पड़ेगा। दोनों ही विकल्प भारत के लिए बुरे हैं।

ट्रम्प के जवाबी टैरिफ से भारतीय कृषि उत्पाद, समुद्री भोजन और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ अमेरिका में 31 प्रतिशत तक महंगे हो जाएंगे। अमेरिकी उपभोक्ता के लिए यह कारण बासमती चावल की बजाय इसके सस्ते विकल्प 'टेक्समती' की और मुड़ने के लिए काफी होगा। भारतीय ऑटो पार्ट्स भी 23 प्रतिशत महंगे हो जाएंगे। अमेरिकी बाजार में भारत निर्मित दवाएं और अन्य चिकित्सा उत्पाद 7 से 9 प्रतिशत तो रत्न एवं आभूषण 13 प्रतिशत महंगे पड़ेंगे। इससे भारतीय उत्पाद अमेरिकी दुकानों से बाहर हो सकते हैं। हमारे निर्यातक प्रतिस्पर्धा करने में तभी सक्षम हो सकेंगे, जब वे अपनी बिक्री कीमत कम रख पाएंगे। इसलिए, भारतीय झींगा और मसालों को 17 प्रतिशत कम पर बेचना पड़ सकता है ताकि उच्च टैरिफ के बाद भी अमेरिकी सुपर मार्केट में उनकी बिक्री बनी रहे।

पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय फार्मा कंपनियों ने अमेरिका में खुदरा दवा बिक्री में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई थी, जिससे आयरलैंड और स्विट्जरलैंड के बाद भारत अमेरिका को तीसरा सबसे बड़ा फार्मास्यूटिकल्स निर्यातक बन गया। अब ट्रंप के जवाबी टैरिफ लागू होने से भारतीय दवा कंपनियों को यह सुनिश्चित करने को कि अमेरिकी उपभोक्ता की जेब पर असर न पड़े, अपनी कीमतों में 6–8 प्रतिशत की कमी करनी पड़ जाएगी, अन्यथा हो सकता है वे फिर से आयरिश और स्विस दवा निर्माताओं की ओर रुख करें, जिन्हें भारतीय कंपनियों के हाथों अपना हिस्सा गंवाना पड़ रहा है।

वास्तव में, ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह बहुत जल्द फार्मास्यूटिकल्स पर और ऊंचे टैरिफ की घोषणा करेंगे, जो जबावी दरों से कहीं अधिक हो सकता है। उस स्थिति में, भारतीय दवा कंपनियों को अपना मार्केट शेयर घटने और मुनाफे में कमी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं अगर अमेरिका निर्मित वस्तुओं पर टैरिफ में भारत कटौती करता है, तो क्या होगा? उस स्थिति में, अमेरिकी कृषि उत्पाद– जैसे मेवे, मिल्क चीज और मीट 24 प्रतिशत सस्ते हो जाएंगे। अमेरिकी कारों की कीमत अभी की तुलना में लगभग आधी हो जाएगी। अमेरिका निर्मित ऑटो पार्ट्स औसतन 19 प्रतिशत सस्ते हो जाएंगे। अमेरिका में बने अन्य उत्पाद भी भारतीय बाजार में 5–12 प्रतिशत सस्ते हो जाएंगे। टैरिफ की दीवारें ऊंची करके ट्रंप अमेरिकी विनिर्माण को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रहे हैं।

# मानवीय क्षति के कारकों की हो गहरी पड़ताल

–पंकज चतुर्वेदी–



**केंद्र और राज्य सरकार के सामने चुनौती बीमारी के असली कारणों को पहचानने की है। बहुत से लोगों को आशंका है कि कहीं सीमा पार से या किसी देश विरोधी ने रासायनिक आतंकवाद का कोई प्रयोग न किया हो।**

दो महीने पहले कश्मीर के राजौरी जिले के गांव बड्डाल में हुई 17 लोगों की संदिग्ध मौत की गुत्थी अब और उलझती जा रही है। सीएसआईआर के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टॉक्सिकोलॉजी रिसर्च प्रयोगशाला ने गहन जांच के बाद यह स्पष्ट किया कि मौत का कारण ग्रामीणों के शरीर में पाया गया क्लोरफेनेपायर नामक जहरीला रसायन था। इस गांव में 16 लोग ऐसे भी थे जो बीमार हुए, लेकिन डॉक्टर्स ने उन्हें मौत के मुंह से खींच लिया। लोगों का इलाज करने वाले पीजीआई, चंडीगढ़ के डॉक्टर्स का कहना था कि उन्होंने एंटीडोट के रूप में एट्रोपिन दवा का प्रयोग किया, और इसने 100 प्रतिशत परिणाम दिए। हालांकि, एट्रोपिन का इस्तेमाल ऑर्गेनोफॉस्फोरस विषाक्तता के लिए एक प्रभावी उपचार है, लेकिन आश्चर्यजनक यह है कि किसी भी बीमार या मृत व्यक्ति के शरीर में ऑर्गेनोफॉस्फोरस विषाक्तता के लक्षण नहीं दिखे। अब, जिस क्लोरफेनेपायर को मौत का कारण बताया जा रहा है, उसका यहां दूर–दूर तक कोई उपयोग नहीं होता।

समझना होगा कि क्लोरफेनेपायर एक व्यापक स्पेक्ट्रम कीटनाशक है जिसका उपयोग दीमक और फसलों को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। मलेरिया के संभावित उपचार के रूप में भी इसको लेकर प्रयोग चल रहे हैं। क्लोरफेनेपायर सूक्ष्मजीवी रूप से उत्पादित यौगिकों के एक वर्ग से प्राप्त होता है, जिसे हैलोजेनेटेड पाइरोल्स के नाम से जाना जाता है। क्लोरफेनेपायर एक सहयोगी –कीटनाशक है, जिसका अर्थ है कि यह एक अन्य रसायन में सक्रिय होकर कीटों को मारता है। क्लोरफेनेपायर का सक्रिय मेटाबोलाइट ट्रालोपायरिल है, जो कीटों के माइटोकॉन्ड्रिया में एटीपी के उत्पादन को बाधित करता है। इससे कीट की कोशिका मर जाती है और अंततः जीव मृत्यु हो जाती है। डब्ल्यूएचओ द्वारा इसकी पहचान एक मध्यम विषाक्त कीटनाशक के रूप में की गई है, लेकिन विषाक्त रोगियों की मृत्यु दर बहुत अधिक है।

क्लोरफेनेपायर इंसान के साथ–साथ पक्षियों, मछलियों और जलीय अकशेरुकी जीवों के लिए अत्यधिक विषैला है। यदि इंसान पर इसका असर हो तो पहले पसीने आते हैं फिर तेज बुखार, रैबडोमायोलिसिस तथा तंत्रिका तंत्र के लक्षणों का बिगड़ना शुरू हो जाता है। वैसे बड्डाल के मरीजों में यह सभी लक्षण देखे गए थे। क्लोरफेनेपायर का उपयोग व्यावसायिक रूप से दीमक नियंत्रण और फसल सुरक्षा के लिए किया जाता है। मलेरिया वेक्टर नियंत्रण में इसके संभावित उपयोग का भी मूल्यांकन किया गया है। प्रयोगशाला अध्ययनों में क्लोरफेनेपायर को बहु–कीटनाशक–प्रतिरोधी मच्छरों के विरुद्ध प्रभावी पाया गया।

हालांकि, जब बड्डाल में बीमारी का हो–हल्ला हुआ तो एम्स दिल्ली सहित कई शीर्ष संस्थाओं की टीम वहां पहुंची। केन्द्रीय मंत्री ने जनवरी के दूसरे हफ्ते में ही कह दिया था कि मरने वालों के शरीर में कैडमियम की भारी मात्रा पाई गई और मौत का कारण यही है। वहीं 24 जनवरी को पीजीआई चंडीगढ़ की रिपोर्ट से पता चला है कि बीमार लोगों के शरीर में बहुत–सी भारी धातु पाई गई है। यही नहीं इन धातुओं की मात्रा सामान्य से कई गुना ज्यादा मिली। विशेषज्ञों के अनुसार ये भारी धातुएं जहर जैसा काम करती हैं। उसके बाद मरीजों के नमूनों को केंद्रीय एफएसएल, डीआरडीओ ग्वालियर व अन्य प्रतिष्ठित प्रयोगशालाओं को भी भेजा गया था।

इस बीमारी के बाद जिले की सभी कीटनाशक और कृषि सामग्री की बिक्री करने वाली दुकानें सील की गईं, वहां से नमूने उठाए गए लेकिन कहीं से भी न भारी धातु और न ही क्लोरफेनेपायर के कोई अवशेष मिले। यही नहीं, इस रसायन को आनलाइन स्टोर से खरीदने के भी कोई प्रमाण नहीं मिले। बड्डाल गांव हिमालय की पीर पंजाल शृंखला की गोद में है और यहां से बहुत सी जल धाराएं बहती हैं। चिनाब की सहायक नदी आन्सी, बड्डाल से होकर गुजरती है। सबसे बड़ी संभावना है कि पानी के माध्यम से भारी धातु इंसान के शरीर में पहुंची। विदित हो बड्डाल और उसके आसपास बहुत–सी नदियां और छोटी सरिताएं हैं। इसके अलावा चंदन, सुख, नील, हानडु सहित कई तालाब हैं। यहां की बड़ी आबादी पानी के लिए झरने या इन्हीं नैसर्गिक सरिताओं पर निर्भर है। चूंकि इस इलाके में कोयला, चूना, बाक्साइट, लौह अयस्क और बेन्टोनाइट जैसे अयस्क मिलते हैं और अवैध खनन यहां की बड़ी समस्या रहा है। ऐसे में खनन अवशेषों के जल धाराओं में मिलने से और उस जल के स्वयं से इस त्रासदी की आगमन की एक संभावना है। शक यह भी किया जा रहा है कि क्या कोई एजेंसी या फार्मा कंपनी गोपनीय और अवैध तरीके से क्लोरफेनेपायर के मलेरिया और मच्छर पर प्रयोग कर रही है और इसके लिए उसने इस गुमनाम गांव के गरीब श्रमिकों को चुना? कड़वा सच यह भी है कि देश के सुदूर, छोटे कस्बों तक गैर प्रामाणिक व विदेश में बने सस्ते कीटनाशकों की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। कम दाम और अच्छे नतीजों के आश्वासन पर किसान इन्हें लेता है और उचित परिणाम न देने पर कुछ बोल नहीं पाता, क्योंकि उसके पास इसकी खरीद का कोई प्रमाण होता नहीं।

केंद्र और राज्य सरकार के सामने चुनौती बीमारी के असली कारणों को पहचानने की है। बहुत से लोगों को आशंका है कि कहीं सीमा पार से या किसी देश विरोधी ने रासायनिक आतंकवाद का कोई प्रयोग न किया हो।

